हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 15 .6 डिग्री
न्यूनतम 2.0 डिग्री

11 22 को रोहतक में मनेगी दिवाली 15 हजार ...



12 मदवि ने लगाई पदकों की झड़ी



## शहर में आज

- मदवि का चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनोमिक चेंज में 15 जनवरी को मकर सक्रांति के उपक्ष्य में हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन
- तहसील में पटवारियों का धरना जारी रहेगा सुबह 10 बजे से
- छोटूराम चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से
- कांग्रेस का घर-घर कांग्रेस अभियान शुरू होगा सुबह 10 बजे से
- एमडीयू में चोल प्रतियोगिता होगी
- नर्सिंग स्टाफ हड़ताल को लेकर वार्ड-टू-वार्ड चलाएगा अभियान

## मांगें पूरी नहीं होने से नर्सिंग स्टाफ में नाराजगी

# पीजीआईएमएस में कल नर्सिंग स्टाफ काम नहीं करेगा सामूहिक अवकाश लिया, मरीजों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

पीजीआईएमएस में मरीजों की परेशानी बढ़ने वाली है। नर्सिंग स्टाफ 16 जनवरी को कम नहीं करेगा। धरना-प्रदर्शन और चेतावनी के बाद भी मांगें पूरी नहीं होने से नर्सिंग स्टाफ में नाराजगी है। उनकी मांग है कि नर्सिंग अलाउंस को 7200 किया जाए और उनकी श्रेणी को क्लास-सी से बदलकर क्लास-बी में केंद्र की तर्ज पर शामिल किया जाए। इन्हीं मांगों को लेकर मंगलवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत नर्सिंग सामूहिक अवकाश पर रहेगा। इसमें अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया गया है। रविवार को एसोसिएशन के सदस्यों ने वार्ड टू वार्ड दौरा करके सभी को हड़ताल में हिस्सा लेने की बात कही। साथ ही चेतावनी भी दी है कि सरकार ने मांगे नहीं मानी तो हड़ताल अनिश्चितकालीन की जा सकती है।

### करीब 1000 है नर्सिंग स्टाफ



नर्सिंग ऑफिसर्स, सिस्टर्स आदि मिलाकर पीजीआई में लगभग नर्सिंग स्टाफ की संख्या एक हजार है। पीजीआई का अधिकतर काम इन्हीं के कंधों पर होता है। इमरजेंसी हो या ट्रॉमा सेंटर सभी जगह नर्सिंग स्टाफ अपनी अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में एक हजार संख्या वाला नर्सिंग स्टाफ सामूहिक अवकाश पर जाएगा तो मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ेगी।

### 7 हजार ओपीडी, वार्ड में भी दाखिल

नर्सिंग स्टाफ के सामूहिक अवकाश के कारण स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहेंगी। पीजीआई की ओपीडी में रोज करीब 7 हजार मरीज आते हैं। इसके अलावा 2 हजार से ज्यादा मरीज इंमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर के मरीज अलग हैं। वार्डों में भी मरीज भर्ती हैं। हड़ताल के कारण पूरी पीजीआई की सेवाएं प्रभावित होंगी। वार्ड में भर्ती मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाएंगी। पीजीआईएमएस की नर्सिंग एसोसिएशन का कहना है कि लंबे समय से लांबित मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। दिसंबर में काले बिल्ले लगाकर रोष व्यक्त किया, सांकेतिक हड़ताल भी की लेकिन सरकार ने अभी तक कोई सुनवाई नहीं की।

### विजय पार्क में करेंगे नारेबाजी

हड़ताल को लेकर सभी नसिंर्ग स्टाफ पूरी तरह तैयार है। सूमहिक अवकाश लेकर सभी पीजीआई के विजय पार्क में बैठेंगे। यहीं पर सरकार और पीजीआई प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी होगी। मांगें नहीं मानी तो आंदोलन को तेज करने के लिए यहीं पर फैसला लिया जाएगा।

### हड़ताल को सफल बनाने को कर रहे प्रयास

सभी मेडिकल कॉलेज के स्टाफ हड़ताल को सफल बनाने के पूरा प्रयास कर रहे हैं। पिछले करीब 10 सालों से अभी तक सरकार ने उनकी मांगे मानने की तरफ कोई भी कदम नहीं बढ़ाया है। इसके चलते नर्सिंग स्टाफ में रोष है और एकमत से 16 जनवरी को सामूहिक अवकाश लेने का निर्णय लिया हुआ है। यदि 16 जनवरी को भी सरकार ने कोई फैसला उनके हक में नहीं लिया तो वह इस हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने से पीछे नहीं हटेंगे। जनता को परेशान करने का हमारा कोई इरादा नहीं। नसिंर्ग कैडर के साथ आर्थिक भेदभाव किया जा रहा है। सभी मेडिकल कॉलेज का नसिंर्ग स्टाफ हड़ताल पर रहेगा। **-विकास फोगाट**, नर्सिंग एसोसिएशन, पीजीआईएमएस, रोहतक।

# प्रॉपर्टी टैक्स : पूरा ब्याज माफ और बकाया मूल राशि पर मिलेगी 15 फीसदी छूट

## मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स पर मिलेगा फायदा, 29 फरवरी तक बढ़ी तारीख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

नगर निगम की सीमा में आने वाले संपत्ति करदाताओं को छूट के साथ बकाया जमा करवाने के लिए आखिरी मौका दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने बिल जमा करवाने पर दी जाने वाली छूट 29 फरवरी तक बढ़ा दी है। विगत वर्ष ही यह छूट खत्म हो गई थी। अब तक निगम में 21 करोड़ से ज्यादा टैक्स जमा किया जा चुका है। साथ ही लिस्ट बनाकर बकायेदारों को नोटिस भेजकर चेतावनी भी दी जा रही है। नोटिस में कहा गया है कि टैक्स जमा नहीं करवाने पर संपत्ति को नगर निगम एक्ट 1994 धारा के अंतर्गत सीलिंग किया जाएगा। हर वार्ड में 25 से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजे गए हैं।

जानकारी के अनुसार, लोगों को बिल जमा करवाने के लिए छूट 31 दिसम्बर 2023 तक दी गई थी। इस दौरान निगम की तरफ से शनिवार और रविवार को भी कार्यालय खोलकर टैक्स जमा करवाया गया।




अब तक 21 करोड़ से ज्यादा का टैक्स जमा किया जा चुका है। निगम द्वारा बिल जमा करवाने के लिए हर वार्ड में प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड ठीक करने के लिए कैंप भी लगाए जा चुके हैं। लेकिन अभी भी दस करोड़ से ज्यादा टैक्स बकाया है जिसकी वजह न केवल छूट दी जा रही है बल्कि बकायेदारों को नोटिस भेजकर कार्रवाई की जा रही है। बिल न भरने पर जल्द ही सीलिंग कार्रवाई भी की जाएगी। गौरतलब है कि निजी कंपनी द्वारा शहर का प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे किया गया था। जिसमें आधे से ज्यादा लोगों की प्रॉपर्टी के रिकार्ड के साथ छेड़छाड़ कर दी गई। इस वजह से निगम के अधिकारी दो साल तक परेशान रहे। बिल ठीक करने के लिए निगम को पूरी ताकत झौंकनी पड़ी। अभी भी हर वार्ड में लोगों के बिल ठीक नहीं हो पाए हैं। जिसकी वजह से लोग टैक्स जमा नहीं करवा पा रहे।

### समय पर संपत्तिकर जमा करवाएं



आमजन से अपील की जा रही है कि वे समय पर संपत्तिकर जमा करवाएं। इसके अलावा बिल में गड़बड़ी है तो अपनी प्रॉपर्टी को स्व-प्रमाणित करके इस छूट का लाभ उठाएं। सरकार की तरफ से छूट 29 फरवरी तक बढ़ाई गई है। इससे बकायेदारों को बिल जमा करवाने का मौका मिलेगा। साथ ही उनको नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। जिसके बाद सीलिंग कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाएगा।
**-अजय कुमार**, उपायुक्त

### यहां करवा सकते हैं बिल ठीक

अगर किसी व्यक्ति के संपतिकर बिल में नाम, एरिया, वर्ग इत्यादि में कोई त्रुटि है तो वह ऑनलाइन पोर्टल **https://ulbhryndc.org** या नगर निगम कार्यालय में स्थित नगर सुविधा केन्द्र में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। जल्द ही रिकार्ड ठीक कर दिया जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा संपत्ति करदाता को अपनी प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टि करके स्व-प्रमाणित करने पर प्रॉपर्टी टैक्स में छूट प्रदान की गई है।

### ये मिलेगी छूट

29 फरवरी 2024 तक मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट व बकाया मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। लोगों द्वारा टैक्स जमा नहीं करवाने पर बार-बार छूट बढ़ाई जा रही है।

# साइबर क्राइम से सावधान फेक एसबीआई योनो ऐप से कर रहे खाता साफ

- किसी तरह की ओटीपी व नेट बैंकिग के पासवर्ड शेयर न करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सावधान हो जाएं अब ठग फेक एसबीआई योनो ऐप से बैंक खाते में पैन कार्ड अपडेट करने के नाम पर पैसे ठग रहे हैं। साइबर अपराधी मोबाइल नम्बर पर संदेश भेजते हैं, जिसमें लिखा हुआ होता है कि आपका एसबीआई योनो खाता की वैधता समाप्त हो गई है। नीचे दिए गए लिंक पर अपना पैन कार्ड अपडेट करें। अपराधी उस मैसेज के साथ नीचे एक लिंक भेजते हैं, जिससे वो पेन कार्ड अपडेट करने के बहाने से आपके खाते से रकम उड़ा देते हैं। आप जैसे ही उस लिंक पर क्लिक करते हैं तो आपके खाते से साइबर अपराधी पैसे ट्रांसफर कर लेते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण ने बताया कि ऐसे फेक संदेश से सतर्क रहे। हमेशा यह ध्यान रहे कि कोई भी बैंक आपको फोन कर आपके खाते से आपकी निजी जानकारी नहीं पूछता है। कोई भी बैंक कर्मचारी बनकर आपके खाते की जानकारी हासिल करता है तो उससे सतर्क रहें। किसी भी बैंक द्वारा आपको कोई भी संदेश भेजकर आपको खाते मे पैन कार्ड, आधार कार्ड अपडेट करने को नहीं कहेगा और न ही बैंक कभी आपसे ओटीपी व नेट बैंकिग के पासवर्ड पूछता है। अपने बैंक की जानकारी शेयर ना करें।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण

### साइबर अपराध पर 1930 पर कॉल करें

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण ने बताया कि साइबर अपराध घटित होने पर 1930 पर कॉल करके और आनलाइन शिकायत दर्ज करवाएं। इससे धनराशि का बचाव किया जा सकता है। अगर किसी कारणवश आपकी कॉल 1930 पर नहीं लग रही है तो आप डायल 112 पर भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त हर थाना मे हेल्प डेस्क व साइबर थाना रोहतक मे भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### नशीले पदार्थ के साथ एक युवक गिरफ्तार

**महम।** पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में एक युवक को काबू किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान हिमांशु निवासी रिढाऊ जिला सोनीपत के रूप में हुई है। आरोप है कि युवक नशीले पदार्थ बेचने का काम करता है। मुखबिर की सूचना के बाद महम शहर चौकी प्रभारी प्रविंद्र के नेतृत्व में रोहतक रोड़ पर महम बाईपास के नजदीक एक युवक की शक के आधार पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 270 ग्राम चरस बरामद हुई।

### चरस बेच रहा युवक पकड़ा 76 हजार रुपये भी मिले

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशीले पदार्थ सहित युवक को पकड़ा है। युवक से 115 ग्राम चरस व 76 हजार 200 रुपये रुपये की नगदी बरामद हुई है। युवक की पहचान सोनू निवासी करतारपुरा के रूप में हुई। मामले की जांच की जा रही है। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी पीएसआई मनोज ने बताया कि संदीप के नेतृत्व मे एएनसी की टीम वाल्मिकी चौक के पास गश्त पर थी। टीम युवक अपने घर के बाहर चरस बेच रहा है।
सूचना पर टीम ने करतारपुरा गली में चारपाई पर बैठे युवक को बैग सहित काबू किया गया।

### महम थाना क्षेत्र के गांव से किशोरी लापता

**महम।** महम थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी अचानक लापता हो गई है। किशोरी के सौतेले पिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसने 2008 में एक महिला के साथ शादी की थी। महिला के पास पहले से ही एक बेटी थी। उनके पास रह रही थी। 13 जनवरी को किसी को बिना बताए वह कहीं चली गई है।

## तुम जियो हजारों साल....



### गांव चिड़ी में 103 साल की नान्ही देवी ने मनाई मकर संक्रांति

**रोहतक।** गांव चिड़ी में 103 साल की नान्ही देवी ने परिवार के साथ मकर संक्रांति बनाई। उनके तीन बेटे और तीन बेटी हैं। बड़े बेटे चांद सिंह की उम्र 68 वर्ष हैं। सबसे छोटे बेटे महेंद्र सिंह की उम्र करीब 58 वर्ष है। पटवारी महेंद्र सिंह ने बताया कि उनका मां पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने जीवन भर पशुपालन और खेती में कड़ी मेहनत की है। वे मूंगफली, रेवड़ी सहित सामान्य भोजन ग्रहण कर लेती हैं। उन्हें आंखों से भी सही दिखाई देता है और पूरा सुनाई देता है।

# महम के भराण गांव में चारा काट रहे युवक पर बिजली का तार गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

भराण गांव में खेत से चारा लेने गए एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जींद जिला के देवरड़ गांव निवासी 22 वर्षीय जितेंद्र पुत्र अनिल कुमार भराण गांव में अपने मामा अंग्रेज पुत्र उमेद सिंह के घर पर आया हुआ था। वह पशुओं का चारा लेने के लिए डेढ़ बजे खेत में गया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि वह जब खेत में बरसीम काट रहा था तो अचानक वहां से गुजर रही बिजली की लाइन का तार टूट गया। जिस वजह से बिजली की तार उसको छू गई और वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के नाना अंग्रेज ने बताया कि जब वह काफी देर तक खेत से वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। खेत में जाकर देखा तो बिजली की लाइन का तार टूटा हुआ है और करंट लगने से उसकी मौत हो चुकी है। उसके बाद परिजन उसको उपचार के लिए रोहतक ले गए। लेकिन वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कल पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। मृतक युवक के परिजनों ने बिजली वितरण निगम के अधिकारियों की शिकायत महम थाने में दी है।



**महम।** खेत में खंबे के दोनों ओर लटक रहा बिजली का तार। फोटो : हरिभूमि

### नौकरी और मुआवजा देने की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि युवक घर का इकलौता कमाने वाला था। जितेंद्र का एक छोटा भाई है, जो बारहवीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी की कोचिंग ले रहा है। यदि मृतक जितेंद्र के छोटे भाई को सरकारी नौकरी मिल जाए तो परिवार का गुजारा हो जाएगा।

## साल 2021 में 1 हजार लड़कों पर 962 था अनुपात, 2023 में 833 पर आया

# साल भर पकड़े भ्रूण लिंग जांच करवाने वाले फिर भी जिले में घट गई बेटियों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दो साल पहले लिंगानुपात में रोहतक पहले स्थान पर था। 2021 में एक हजार लड़कों के मुकाबले 962 लड़कियों ने जन्म लिया था। लेकिन अगले ही साल लिंगानुपात घटा। 2022 में रोहतक का लिंगानुपात 936 था, यानी एक हजार लड़कों पर 936 लड़कियों ने जन्म लिया। इस साल लिंगानुपात और घट गया है। अब लिंगानुपात की खाई बढ़कर 883 हो गई है। 2023 में एक हजार लड़कों पर 883 लड़कियों ने जन्म लिया। लिंगानुपात 53 प्वाइंट नीचे गिर गया। घटता लिंगानुपात चिंता का विषय है। पूरे साल पीएनडीटी की टीम भ्रूण लिंग जांच करने वालों पर शिकंजा कसती रही, इसके बावजूद लिंगानुपात में गिरावट आई। टीम ने कोई भ्रूण लिंग जांच करने वालों की धरपकड़ में कोई कसर नहीं छोड़ी। उत्तरप्रदेश, राजस्थान और आसपास के जिलों में भी टीम ने कन्या भ्रूण लिंग जांच करने का पर्दाफाया किया।

### प्रदेश में सख्ती, दूसरे राज्यों में करवा रहे जांच

हरियाणा में कन्या भ्रूण लिंग जांच पर पूरी तरह लगाम कसी हुई है। टीम समय-समय पर जांच करती है। लेकिन कुछ लोगों का नेटवर्क हरियाणाा में फैला हुआ है। ये दलाल हरियाणा से महिलाओं को दूसरे राज्यों में लेकर जाते हैं और गर्भ में लिंग जांच करवाते हैं। इसके लिए बकायदा 30 से 50 हजार रुपये तक लिए जाते हैं। चौकाने वाली बात है कि करीब 500 छापेमारी हरियाणा के बाहर की गई।

### इन शहरों में गिरा लिंगानुपात

रोहतक, सोनीपत, यमुनानगर, पानीपत, फतेहाबाद, सिरसा, नूंह, कैथल, महेंद्रगढ़, अंबाला, जींद, भिवानी, चरखी दादरी और करनाल के लिंगानुपात में गिरावट दर्ज की गई है। कुछ जिले ऐसे भी हैं जिनके लिंगानुपात में सुधार हुआ है। इनमें हिसार, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, पलवल, झज्जर, फरीदाबाद, रेवाड़ी और पंचकूला शामिल हैं। पलवल में लिंगानुपात 922 से 946, फतेहाबाद में 934, पंचकूला में 938 से 942, गुरुग्राम 928 दर्ज और नूंह में 932 रहा।

### 7-8 हजार डिलिवरी दूसरे जिलों की



रोहतक में पीजीआई भी है सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हैं। इस कारण आसपास के जिलों की महिलाओं की डिलिवरी भी यहां के अस्पतालों में होती है। साल में करीब 7-8 हजार डिलिवरी दूसरे राज्यों की होती हैं। हमने कन्या भ्रूण लिंग जांच पर पूरी तरह कंट्रोल कर रखा है। भविष्य में और सक्ताई की जाएगी।
**-डॉ. अनिल बिरला**, सिविल सर्जन, रोहतक।

## सांसद ने गोशालाओं के कार्यक्रमों में शिरकत की

# कांग्रेस सत्ता के सपने लेने भी भूल जाए, रहेगा भाजपा का शासन: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



मकर संक्राति पर सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने गांव बैंसी, मोखरा, समरगोपलपुर सहित कई गोशालाओं में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस को सत्ता के सपने लेने भी छोड़ देने चाहिए, क्योंकि देश की जनता ने यह तय कर लिया है कि 50 साल से अधिक समय तक भाजपा का ही शासन रहेगा। उन्होंने कहा कि अब वह दिन भी दूर नहीं है कि जब मोदी सरकार की नीतियों के चलते पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर एक दिन भारत में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में भारत मजबूत हुआ और विश्व में भारत को अलग पहचान मिली है। सांसद ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कुछ कांग्रेस नेता पर्ची नीति की बात करके युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, उन नेताओं को भी पता चल गया है कि अब उनका दौर खत्म हो चुका है। सांसद ने कहा कि गौ माता की सेवा करनी चाहिए, गौ माता में देवताओं का वास होता है, सेवा पूजा करने वालों की सभी प्रकार की विपदाओं को गौ माता हर लेती है। सांसद ने डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब वर्गो के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी गरीब वंचित पात्र लोगों को मौके पर उनका हक दिलवा रही है। लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का संकल्प यात्रा के दौरान मौके पर घर द्वार पर लाभ दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व प्रधानमंत्री नंदा का श्रद्धांजलि समारोह आज

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की पुण्यतिथि 15 जनवरी 2024 को सदाचार स्थल पर सुबह 10 बजे एक श्रद्घांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने दी है।

### तीसरी मंजिल से गिरी महिला, मौत

**पानीपत।** पानीपत में विवाहिता 23 वर्षीय फौजिया पत्नी महताब अंसारी मूल निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी शिव नगर में घर की करीब तीस फुट उंची तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। इस हादसे में फौजिया की मौत हो गई। पति महताब ने बताया कि फौजिया गली में खेल रहे बच्चे को आवाज लगाने के लिए बालकनी से झुकी, इस दौरान उसके पैर का संतुलन बिगड़ गया और नीचे गिर गई।

### हादसे में घायल वकील की मौत

**पानीपत।** पानीपत बार एसोसिएशन के सीनियर वकील 50 वर्षीय राजेश कुमार निवासी गांव अलुपुर जिला पानीपत की सड़क हादसे में मौत हो गई। राजेश दो जनवरी को बाइक पर सवार होकर जा रहा था, गांव भंडारी के पास रास्ते में अज्ञात वाहन ने राजेश को टक्कर मार दी थी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने राजेश को उपचार के लिए दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने राजेश की मौत के मामले में अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की जान गई

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी के पास कार ने संजय कुमार निवासी गांव मांडी जिला पानीपत को टक्कर मार दी। हादसे में संजय की मौत हो गई। थाना इसराना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव उसके परिजनों को सौंप दिया ।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

पानीपत। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मतलौडा में एनएसएस के शिविर के तीसरे दिन मतलौडा पुलिस थाने से ट्रैफिक हवलदार सतबीर सिंह, हवलदार अनिल कुमार कांस्टेबल, प्रवीण व मनोज कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को यातायात नियम की पालन करने तथा साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया।

# कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार, जल्द होगा लोकार्पण : सीएम

## मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का किया निरीक्षण, खिलाड़ियों को दी बधाई, कहा-खेलों में प्रदेश व देश का करें नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जल्द ही इसका लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हॉकी खिलाड़ियों को नए स्टेडियम के बनने की शुभकामनाएं एवं बधाई और कहा कि इस स्टेडियम में बेहतरीन तरीके से अभ्यास करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि खिलाड़ी अपने गांव में ही बेहतर अभ्यास कर सकें।

■ हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही, अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही: मनोहर लाल

इस मौके पर उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाड़ियों को अपने शहर में ही प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं खेल सुविधाओं में से एक कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही यह जनता को समर्पित होगा।

उन्होंने बताया कि यह हॉकी स्टेडियम इंटरनेशनल फैडरेशन ऑफ हॉकी के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इसके निर्माण पर करीब 18 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है और यह स्टेडियम साढ़े 6 एकड़ भूमि में बनकर तैयार हुआ है।

खास बात यह है कि एस्ट्रो टर्फ विदेशी तकनीक से निर्मित है। मेन ग्राउंड में 6 स्प्रिंकल लगाए गए हैं। इसके अलावा मैदान में रोशनी के लिए 34 मीटर उंचाई के 4 पोल पर एक-एक हजार वॉट की 72 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। स्कोर बोर्ड के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। स्टेडियम में अलग से 400 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है तथा 160 केवी के जनरेटर का भी प्रबंध किया गया है।

उन्होंने बताया कि हॉकी स्टेडियम में दिन-रात किसी भी अवधि में मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम में 600 दर्शकों के बैठने का प्रबंध किया गया है जिसमें तीन गैलरी बनाई गई हैं। इसमें एक गैलरी वीआईपी जिसमें 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

इसके साथ ही दो अन्य गैलरी सामान्य दर्शकों के लिए बनाई गई है जिसमें प्रत्येक में 250 दर्शक बैठ सकते हैं। प्रत्येक गैलरी के बेस में तीन-तीन कमरे, बाथरूम व शौचालय, महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बनाए गए हैं। इन तीन कमरों में से एक कमरा मेडिकल स्टाफ के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा एक कॉमन लॉबी भी बनाई गई है।





**करनाल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए व हॉकी खिलाड़ियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, भाजपा नेता सतीश पोसवाल, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, निगम कमिश्नर अभिषेक मीणा, केएससीएल के जीएम रामफल तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सुल्तानपुर चौक पर सीएम ने लगाई ब्रेक, दुकान पर चाय पी, राहगीरों से खुलकर बात की

अंबाला। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के काफिले ने रविवार को अचानक करनाल से चंडीगढ़ जाते हुए अंबाला-चंडीगढ़ मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर चौक पर ब्रेक लगा दी। मुख्यमंत्री यहां अचानक से एक चाय की दुकान पर रूके। यहां खड़े लोगों से उनका हाल चाल जाना। अचानक से अपने बीच सीएम की मौजूदगी से लोग बेहद खुश हुए। यहां मुख्यमंत्री ने न केवल आम आदमी की तरह वहां खड़े होकर चाय की चुस्कियां लेते हुए उनसे उनकी समस्याएं जानी बल्कि उन्हें मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाएं भी दी। लोगों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि इस रोड़ पर क्रॉसिंग पर पुल न होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां खड़े युवाओं ने लोगों के बीच बिना किसी सुरक्षा घेरे के सीएम को देखकर उनकी फोटो भी अपने मोबाइल के कैमरे में कैद की। युवाओं का कहना था कि सुरक्षा की दृष्टिगत सीएम का सुरक्षा घेरा काफी मजबूत होता है। वहां तक बिना स्वीकृति के नहीं पहुंच जा सकता है। मगर सीएम मनोहर लाल आम लोगों की तरह लोगों से मिलते रहे। चाय विक्रेता दुकानदार ने कहा कि यह उनके लिए ऐसे क्षण थे जिसे वे जीवन में कभी भूला नहीं पाएंगे।

■ चौक पर हादसे रोकने के लिए लोगों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग रखी, जल्द समस्या के समाधान का मिला आश्वासन



मुख्यमंत्री मनोहर लाल रेलवे स्टेशन के बाहर बेसहारा लोगों का जायजा लेते हुए।

## सीएम की दरियादिली: जरुरतमंदों को सिक्योरिटी की गाड़ी से पहुंचाया रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शनिवार रात्रि अचानक से करनाल रेलवे स्टेशन के बाहर का दौरा किया। यहां ठंड में बैठे बेसहारा लोगों को देख उन्होंने तत्काल इन्हें रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया और इसके लिए अपनी खुद की सिक्योरिटी में लगी गाड़ी के माध्यम से रैन बसेरा तक पहुंचाया।

■ रेलवे स्टेशन के बाहर पहुंचे थे मुख्यमंत्री, रैन बसेरा में शिफ्ट किए गए लोगों के खाने के लिए अपने कोष से दिए ढाई लाख रुपये

इस दौरान मुख्यमंत्री वहीं मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कड़ाके की ठंड में रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ लोग खुले में रात बिताते हैं। ऐसे में मैंने स्वयं यहां आकर इसका जायजा लिया। यहां काफी संख्या में लोग बाहर बैठे थे। ऐसे में इन्हें तत्काल रैन बसेरा पहुंचाया गया। वहीं जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि इन लोगों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था रैन बसेरा में की जाए। उन्होंने कहा कि आज लोहड़ी का त्योहार है ऐसे में इन्हें मूंगफली व अन्य खाद्य सामग्री देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों की खाने की व्यवस्था करने के लिए ढाई लाख रुपये देने की भी घोषणा की है। दिन में ये लोग अपने-अपने काम पर जाएंगे और रात्रि के समय रैन बसेरा में रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता के नाते जरुरतमंद लोगों की मदद करना हमारा फर्ज बनता है, इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आना चाहिए।



इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इन लोगों को राम नगर के रैन बसेरा में शफ्टि किया गया। इस कार्य में मुख्यमंत्री सिक्योरिटी की गाड़ी लगी रही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डीसी अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, निगम कमश्निर अभिषेक मीणा, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धर्मनगरी से अयोध्या की ओर संतों का कूच आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संतों का अयोध्या जी में जाने का कूच आज धर्मनगरी से आरंभ हो गया। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से आज गुरु ब्रह्मानंद आश्रम की साध्वी मैत्रीनन्द ने अयोध्या जी की ओर प्रस्थान किया। ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर से आज उन्होंने अपनी यात्रा अपने आश्रम के भक्तों व अनुयायियों के सहयोग से सनातन धर्म मंदिर न्यू कॉलोनी में पहुंचकर वहां भगवान श्री राम के दरबार में भगवान श्रीराम को नतमस्तक होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर अयोध्या की और कूच किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि साध्वी मैत्रीनन्द ने अपनी यात्रा आज से आरंभ कर दी है। 21 जनवरी तक वह अयोध्या पहुंच जाएंगी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के सुरेश जोशी, राकेश मेहता के इलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सनातन धर्म मंदिर के कई सदस्य व गुरु ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर के कई भक्तजन उपस्थित थे।



अयोध्या की ओर कूच करते श्रद्धालु।

### बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी हो गया। पर्स में 25 सौ रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पटियाला निवासी सुखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 जनवरी को यमुनानगर किसी काम से आया था। दोपहर साढ़े 12 बजे वह जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ने लगा। इस दौरान उसकी जेब से अज्ञात व्यक्ति ने पर्स चोरी कर लिया।

पर्स में ढाई हजार रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। उसने पर्स चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पानीपत सिविल अस्पताल में बनेगा क्रिटिकल केयर ब्लॉक

## सीसीबी की 50 बेड की होगी क्षमता, 20 करोड़ की लागत आएगी, लैब भी बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला सिविल अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत तकरीबन 20 करोड़ की लागत से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) बनाया जाएगा, साथ ही अस्पताल में जिला इंटीग्रेटिडिड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी भी बनाई जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की ओर से भूमि की पैमाइश कर रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। क्रिटिकल केयर ब्लाक रनिंग में आने से ट्रामा सेंटर का अभाव नहीं रहेगा, इसके बनने से गंभीर रूप से घायल लोगों व गंभीर रोगों से पीडित रोगियों का उपचार सीसीबी में ही हो सकेगा और ऐसे रोगियों व घायलों को पीजीआई खानपुर या फिर रोहतक रेफर करने के केसों में कमी आएगी। स्मरणीय है कि स्वास्थ्य विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में जिला नागरिक अस्पताल और फील्ड में बढ़ने वाली सुविधाओं पर फोकस करना शुरू कर दिया है। लंबित प्रस्तावों के रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। जर्जर इमारतों की कंडम रिपोर्ट तैयार कराकर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी), लेबोरेट्री, वैक्सीन स्टोर, चिकित्सकों के आवास पर पूरी तरह से फोकस कर रखा है।

### लैब में हो सकेंगे 50 प्रकार के टेस्ट

सिविल सर्जन डा. जयंत आहूजा ने बताया कि नागरिक अस्पताल परिसर में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनना है। इसके लिए करीब 3500 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। इसमें कोरोना पाजिटिव, हार्ट-ब्रेन अटैक, फेफड़ों संबंधी रोगी, आग व करंट से झुलसे लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। इसके साथ डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी तैयार होगी। लेबोरेटरी में 50 प्रकार के टेस्ट हो सकेंगे। लैब मेडिकल कालेज की तर्ज पर बनेगी।

### जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा

एमएस डॉ आहहूजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कार्यालय वाली बिल्डिंग को भी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कंडम घोषित कराया जाएगा। मलबे की नीलामी प्रक्रिया पूरी कराएंगे। यहां जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा। अभी तक सिविल अस्पताल में वैक्सीन स्टोर है लेकिन ड्राइंग में वह रसोई का स्थान है।

### अस्पताल में बनेंगे 55 आवास

एमएस डॉ आहूजा ने बताया कि स्टाफ क्वाटर्स जर्जर अवस्था में हैं। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए फ्लैटनुमा 55 आवास बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। रिमाइंडर भी भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद आवासों के लिए जगह चिन्हित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत का दायरा आगामी वर्षों में बहुत विस्तृत होना है। उसी के हिसाब से सरकार को फैसिलिटी भी बढ़ानी होंगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिला के सभी पांच ब्लाक में भी क्रिटिकल केयर ब्लाक (सीसीबी) बनेंगे। सीधा अर्थ, चिकित्सा-व्यवस्था की दशा बहुत सुधरने वाली है।

## राम मंदिर पास के नाम पर हो रही ठगी

**अंबाला।** साइबर अपराधी ठगी को अंजाम देने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। ऐसे में साइबर अपराधी साइबर ठगी का अंजाम देने के लिए राम मंदिर का उद्घाटन का नाम लेकर साइबर ठगी को अंजाम देने की ताक में है। पुलिस द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें उन्होंने लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। साइबर अपराधियों द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन के पास के नाम पर एक एप्लीकेशन व्हाट्सएप ग्रुपों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है जो एक तरह का वायरस है।

## मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है, पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए, समर्पित: निर्मल सिंह

**अंबाला।** कड़ाके की सर्दी के बावजूद रविवार को अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जैन व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल की अध्यक्षता में निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा का कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत समारोह किया गया। स्वागत समारोह में भारी संख्या में उमड़ी भीड़ के उत्साह और जोश को देखकर गदगद निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं व नेताओ का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा की मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है। मेरा पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित है। हमारे सभी साथी उल्टी हवाओं के खिलाफ चले, कष्ट भी सहे लेकिन कभी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने भाजपा सरकार पर बरसते हुए कहा की आज प्रदेश में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिए कच्चे में बदल दिया गया। जिसमें न नौकरी है न पेंशन। यही काम अग्निवीर योजना में हुआ जिसमें 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और 4 साल बाद 22 की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर लौट आएगा।

## ऑनलाइन लिंक से मिले शिक्षकों को विदेश जाने की अनुमति

**बराड़ा।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से प्राध्यापकों के लिए पूर्व में घोषणा किए और जारी किए पत्र के अनुसार इस लिंक को चालू करने उच्चतर शिक्षा विभाग की तरह विभिन्न तरह की सेवाओं जैसे विदेश जाने की अनुमति उच्च शिक्षा के लिए ली जाने वाली अनुमति को भी ऑनलाइन लिंक के द्वारा ही शुरू करने की मांग की है। इसी तरह सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ शिक्षक वर्ग के सभी साथियों को चिकित्सा अवकाश देने की मांग की है।

**दिन में मिली राहत** | बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं ने घरों से बाहर निकल कर लिया धूप का आनंद

# घने कोहरे ने दोपहर तक छुटाई कंपकंपी, दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन होने से लोग हुए खुश

शहर के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले करीब एक पखवाड़े से जिले में पड़ रहे घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से रविवार को लोगों को कुछ राहत मिली है। रविवार को रात भर से लेकर दोपहर तक जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और धुंध के बादल छाए रहे। वहीं, दोपहर डेढ़ बजे के करीब जिले में सूर्यदेव के दर्शन हुए और धूप निकली। जिसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली रहने से ट्विन सिटी के पार्कों में पहुंचकर बच्चों ने धूप का खूब आनंद लिया। खासकर शहर के ओपी जिंदल पार्क, मॉडल टाउन के न्यू पार्क, शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क आदि में पहुंचकर बच्चों ने धूप का आनंद लिया और खेल का लुत्फ उठाया। लेकिन कुछ घंटे धूप खिलने के बाद भी तापमान में खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई।





यमुनानगर में सुबह के वक्त छाया हुए घने कोहरे में गुजरते हुए वाहन व धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे।

रविवार सुबह पिछले एक पखवाड़े की तरह जिले में घना कोहरा छाया हुआ था और शीतलहर चल रही थी। घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम थी। लोग लाइटें जगाकर वाहनों को धीमी गति से लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचने को मजबूर थे। मगर सुबह 10 बजे के करीब घना कोहरा तो छंट गया। मगर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक बनी रही।

रविवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब सूर्य देव के दर्शन हुई और धुंध के बादल छंट गए। इसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली और बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों समेत अन्य लोगों ने घरों से बाहर निकलकर धूप का आनंद लिया। इस दौरान बच्चे पार्कों में लगे झूलों पर झूले और कई बच्चों ने अन्य खेल खेलकर खूब मस्ती की। वहीं बच्चों की माताओं ने इस दौरान पार्क में बैठकर धूप के आनंद के साथ खूब गपशप की। सिटी सेंटर क्षेत्र निवासी रोशनी, मनीषा, कमला व रोजी आदि ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से दिन भर धुंध के बादल छाए रहने व सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहने से मौसम में काफी ठंडक बढ़ गई थी। जिसकी वजह से बच्चे, बुर्जुग, महिलाएं घरों में कैद होकर रह गए थे। वहीं मॉडल टाउन निवासी रविश ने बताया कि धूप निकलने के बाद वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पार्क में पहुंचे हैं। उनका कहना था कि पार्क में धूप का आनंद लेने पहुंचे लोगों की भीड़ से उन्हें पार्क में घूमना काफी अच्छा लगा है।

### तापमान में नहीं हुई खास बढ़ोतरी

जिले में रविवार को अधिकतम तापमान में दो सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी हुई। जिसकी वजह से जिले का तापमान अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंत्रियों व सांसदों को ज्ञापन देने की कड़ी में नायब सिंह सैनी सांसद कुरुक्षेत्र के नाम ज्ञापन सांसद की गैरमौजूदगी में सांसद महोदय के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुभाष गुस्सर जिला प्रधान ने किया व संचालन जय प्रकाश राज्य कमेटी मेंबर ने किया। सुभाष गुस्सर ने बताया कि। 15 जनवरी से नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ईकाई की तरफ से नगर पालिका कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों के बकाया एरियर व एलटीसी को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और एरियर व एलटीसी के भुगतान होने तक जारी रहेगी। प्रदर्शन में मनजीत भुल्लर ब्लाक प्रधान लाडवा, ललीत कुमार, विक्रम सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार,जोनी,राज कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

■ मांगों को लेकर 15 जनवरी से हड़ताल शुरू की जाएगी



**कुरुक्षेत्र।** ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये है कर्मचारियों की मांगें

मांगें राम तिगरा राज्य महासचिव नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया कि गुरूग्राम के 3480 कर्मचारियों सहित अन्य छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को पालिका रोल पर लेने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने, सस्पेंशन,ट्रमिनेशन, चार्ज शीट, ज्ञापन पत्र, हड़ताल अवधि का वेतन देने तथा झूठे मुकदमों व अन्य उत्पीड़न की कार्यवाही को रद्द करने,फायर के 1327 व 212 फायरमैनों व ड्राइवरों को सृजित पदों पर समायोजित करने तथा 2063 फायर आपरेटर की भर्ती को रद्द करने, 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने,फायर कर्मचारियों के वर्दी भत्ते में किये गए भेदभाव को समाप्त कर पुलिस विभाग की तर्ज पर वर्दी भत्ता देने, दैनिक वेतन भोगी,पार्ट -2,पार्ट टाइम, डीसी रेट पर लगे सभी सफाई, सीवर कर्मियों, ग्रुप सी व डी के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समझौते को लागू करने,सीवर सेफ्टी टैंकों में हो रही मौतों पर रोक लगाने व मृतकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा व पक्की नौकरी देने, पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप



### मकर सक्रांति पर्व पर पौधरोपण किया

**रोहतक।** वार्ड नंबर 20 में स्थित शिव पार्वती पार्क में मकर सक्रांति के पर्व पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मनोहर लाल व जसबीर कुमार ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाना चाहिए।

### रमेश चंद्र का मरणोपरांत किया गया देहदान

**रोहतक।** साईं दास कालोनी के रहने वाले 73 वर्षीय रमेश चंद्र छाबड़ा का निधन हो गया, मृतक की इच्छा अनुसार उनका देहदान कर दिया गया। मृतक का शरीद उनके पारिवारिक सदस्यों पत्नी रजनी देवी, बेटे सुमित, मनीष और बेटी हिमानी मल्होत्रा ( जिसकी विशेष प्रेरणा से मृतक ने अपनी देहदान की इच्छा का संकल्प लिया था) सहित अन्य की मौजूदगी में और भारत विकास परिषद संस्था के सदस्यों अशोक गुप्ता, अशोक ठकराल, समाज सेवी राजिंदर कत्याल के सहयोग से पीजीआईएमएस के शरीर रचना विभाग को सुपुर्द किया गया।

### मकर सक्रांति पर लगाया भंडारा, 700 ने दिया दान

**रोहतक।** जयहिन्द सेना के सुप्रीमो नवीन जयहिन्द ने मकर सक्रांति के दिन स्टेडियम के सामने दानवीर भामाशाह भंडारे का आयोजन किया। जिसमें 700 से अभी अधिक दानवीर पहुंचे और करीब 8 लाख का दान दिया। नवीन जयहिंद ने बताया कि हम संघर्ष करते कर्जदार हो चुके हैं और जनता की लड़ाई लड़ने के लिए दानवीरों की जरूरत है।

### श्री बालाजी धाम पर लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम डोभ पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार को संकीर्तन, स्वास्थ्य जांच शिविर व भंडारा लगाया जाता है। शिविर में डॉ. दिनेश कुमार ने आखों के मरीजों की जांच की और निशुल्क दवाई व चश्मे भी दिए।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम लाइव होगा, श्री राम का होगा पंचाभिषेक

# 22 को रोहतक में मनेगी दिवाली 15 हजार दीपक जलाए जाएंगे

**11 बजे भगवान श्री राम का पंचाभिषेक व 11 बजे से 1 बजे तक अयोध्या धाम का लाइव प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जायेगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

ओल्ड आईटीआई स्थित शहीद मदन लाल धींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम लाइव दिखाया जाएगा। इस दौरान भगवान राम की महाआरती व दीप महोत्सव मनाया जायेगा।

जिसमें 15 हजार दीप जलाकर उत्सव को दीवाली की तरह मनाया जायेगा। सुबह 10 बजे हवन होगा। इसके बाद 11 बजे भगवान श्री राम का पंचाभिषेक व 11 बजे से 1 बजे तक अयोध्या धाम का लाईव प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जायेगा। दोपहर 1 बजे महा प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया जायेगा। ये बात बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर दिल्ली रोड पर पत्रकार वार्ता के दौरान श्री रामलीला उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन ने कही। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित किया जाएगा। राजेश जैन ने सभी को लोहड़ी व मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी।



**रोहतक।** पत्रकार वार्ता के दौरान कार्ड का विमोचन करते हुए समाजसेवी राजेश जैन, संस्था के प्रधान सुभाष तायल व अन्य श्री रामलीला उत्सव कमेटी के सदस्य।

### भजन व सुंदरकांड का पाठ भी किया जाएगा

राजेश जैन ने बताया कि दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या प्रेम सक्रीर्तन मंडल द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन व अयोध्या धाम से लाया गया प्रसाद बांटा जायेगा। उन्होंने बताया कि सुंदरकांड पाठ के लिए 108 चौकी लगाई जाएंगी। आगरे के कारिगरों के द्वारा रामलला की मनमोहक मिट्टी की 51 इंच की मूर्ति बनाई गई है। 20 फुट लंबा 10 फुट चौड़ा 15 फुट उंचा राम मंदिर की तर्ज पर मंदिर का स्वरूप उड़ीसा के कारीगरों द्वारा बनाया जायेगा। दिल्ली से आये कारिगरों द्वारा आकाश में रंगबिरंगी अतिशबाजी की जाएगी।

### घरों में भी दीप जलाएं

संस्था के प्रधान सुभाष तायल ने कहा सभी रामलला के अयोध्या धाम में पधारने के उपलक्ष में 14 जनवरी मकर सक्रांति से 22 जनवरी तक अपने घरों, मंदिरों व आस पास की सफाई करें। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो तो अपने घरों में भी राम ज्योति जलाएं, दीपावली मनाएं और विश्व शांति के लिए अपने घर व पास के मंदिरों में एक दीपक अवश्य जलाएं। इस मौके पर निमंत्रण पत्रिका का भी विमोचन किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर शंकर लाल मित्तल, विजय बाबा, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, विपीन गोयल, गुलशन निझावन, मनोज जिंदल, अंकित गर्ग, सुशील मंगला, प्रेम गर्ग, सतीश भारद्वाज, आयुष गुप्ता, विकास कंसल, प्रकाश चंद्र, सुरेश तायल, सुनील बल्ली, अनिल बंसल, रामकुमार पंचाल, अमित गुप्ता, सन्नी निझावन, अंकित गर्ग, योगेश अरोड़ा, अमित गुप्ता, वरूण सिंगल, अजेश गुप्ता, वरूण शर्मा, नरेश शर्मा, दिनेश तायल, संदीप, शीतल, उमा गोयल, राजन गोयल, वेद इश्पुनियानी, संदीप गुप्ता, सुरेन्द्र अग्रवाल, विकास दलाल, संतोष, मीना सिंगल, आशा गर्ग, ममता ऐरन, बृजबाला गुप्ता, ममत मल्होत्रा, संतोष जैन आदि उपस्थित रहे।



# शिक्षा भारती विद्यालय में मकर संक्रांति पर हुआ हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मकर सक्रांति के अवसर पर विश्व कल्याण के लिए पांच कुंडीय हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक आचार्य मनजीत ने बताया कि हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अपने देश की संस्कृति एवं सभ्यता के महत्व को समझना और हमारी भावी पीढ़ी को यह सिखाना कि हमारे देश में त्योहारों को किस प्रकार मनाना चाहिए, जिससे हम संस्कारित नियमों का पालन करते हुए अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकें। मुख्य वक्ता पंजाब नेशनल बैंक से महा प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त सुभाष ने कहा कि मकर संक्रांति का पावन पर्व हमें पर्यावरण से जोड़ता है। यह हमें सामाजिक समरसता के महत्व को समझाता है। विद्यालय प्राचार्य डा. संजय सोनी ने कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार वसंत के आगमन और शीतकालीन सक्रांति के माध्यम से सूर्य के कर्क रेखा से मकर रेखा की ओर स्थानांतरित होने का प्रतीक है। यह एक बहुत ही शुभ दिन है जो सूर्य भगवान की पूजा के लिए समर्पित है। इस दिन सूर्य देव की आराधना करने से जातक के सभी कष्ट दूर होते हैं और घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

### कांग्रेस प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराकर पार्टी में ही दुविधा पैदा कर दी

**रोहतक।** भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ लावारिस पीड़ति पशु संघ गोशाला के मकरसं क्रांति उत्सव में शिरकत करने पहुंचने। यहां सर्किट हाउस में जिला टीम ने जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका के नेतृत्व में स्वागत किया। इस अवसर पर धनखड़ ने कहा कि राम मंदिर बन रहा है। 500 वर्षों का राष्ट्र का स्वप्न पूरा हो रहा है, लेकिन कांग्रेस आज भी द्रुविधा में और जब से मंदिर निर्माण की बात आई थी तब भी द्रुविधा में थी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने न्यास के निमन्त्रण को ठुकराकर वो स्थिति पैदा की है कि दुविधा में दोनों गए माया मिली न राम। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि किसको जोड़ने राहुल गांधी निकले हैं, क्या 10 वर्ष में देश टूटा है? जिसको राहुल जोड़ने निकले हैं। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका ने कहा कि गो-संत और कलाकार का भाजपा सम्मान करती हैं।

# हजपा के हाथ में होगी अगली सरकार में सत्ता की चाबी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

कस्बा महम की अनाज मंडी में मकर संक्रांति के मौक पर हरियाणा जनसेवक पार्टी द्वारा जन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पार्टी के संयोजक व महम के विधायक बलराज कुंडू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही। अच्छे पदों पर जो भर्तियां हो रही हैं उनमें प्रदेश से बाहर के लोगों को लगाया रहा है। विधायक बलराज कुंडू ने कहा कि हरियाणा में पूर्ण बहुमत किसी का नहीं आएगा। उनकी पार्टी के समर्थन के बगैर किसी की सरकार नहीं बनेगी। जैसे ही सत्ता की चाबी उनके पास आएगी उसी दौरान हल्के का भरपूर विकास होगा। युवाओं को नौकरियां मिलेंगी। उन्होंने कहा कि पहले नेता लोगों से नोटों की मालाएं लेकर मालामाल हो जाते थे लेकिन उन्होंने इस सिस्टम को बंद करवा दिया। अब ऐसे नेता घर घर घूमते हैं लेकिन किसी से पैसा नहीं लेते। विधायक ने कहा जो स्थानीय नेता 20-30 साल से महम के अंदर अपनी अपनी पार्टियों में कब्जा जमाए बैठे हैं ऐसे लोगों को फिर से सबक सिखाना है। उन्होंने कहा कि वे बगैर किसी लोभ लालच के पिछले कई सालों से इलाके की सेवा कर रहे हैं।

### चुनाव में जवाब देगी जनता

बलराज कुंडू ने कहा कि कर्मचारी, व्यापारी, मजदूर, किसान मौजूदा सरकार से तंग हो चुके हैं। पटवारी व कानूनगो का धरना पिछले 9 दिनों से चल रहा है। लेकिन गठबंधन सरकार पटवारियों की सुनवाई नहीं कर रही। विधायक ने कहा कि गठबंधन के नाम पर लूट खसोट की दुकान चलाई जा रही है। जिसका जवाब जनता चुनाव के दौरान देगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने लोगों को अच्छे दिनों के सपने दिखाए थे, लेकिन सरकार ने जनता के साथ धोखा किया। जमना पार का नारा देने वाले खुद उसी की गोदी में जा बैठे। उन्होंने कहा कि राजघरानों के राजकुमारों को प्रदेश के लोगों की पीड़ा दिखाई नहीं देती। फैमिली आईडी के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। समारोह में आई हुई महिलाओं व पुरुषों को विधायक ने शाल व कंबल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कांग्रेस और बीजेपी के कई पदाधिकारियों ने हजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर हरियाणा जनसेवक पार्टी की अध्यक्ष परमजीत कुंडू, प्रदेश अध्यक्ष संजय साहू, बाबा कालीदास, समुंद्र चेयरमैन, हवा सिंह सहित अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

- आयुष्मान कार्ड के साथ परिवार पहचान पत्र भी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 29वें स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह का आयोजन रविवार को मकर संक्रांति के पार्वन पर्व पर नई अनाज मंडी चरखी दादरी में बडे ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि तथा सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार व गौरव अग्रवाल ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वति के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की परंपरानुसार सभी आगंतुकों का टोपी पहनाकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। सर्ववप्रथम सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को गति प्रदान कर स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हरियाणवीं नृत्य ने हरियाणी संस्कृति की याद दिलाई। समारोह में हरियाणवी समूह नृत्य में छात्राएं ने अपनी-अपनी अनेक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा हरियाणवीं ग्रुप डांस ने खूब तालियां बटौरी। भक्त संगीत में शिव तांडव, मेरे घर राम आए तथा श्रीराम अयोध्या ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। इसके अतिरिक्त रंगीलो म्हारो डोलना, मैं फिल्म चंद्रावल देखूंगी, आरंभ है प्रचंड है तथा रुण झूण समारोह में आकर्षण का केंद्र रहा। पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।





**अंबाला।** पं. विनोद शर्मा से गांव की सिंह सभा के लोगों से बातचीत करते हुए।

# बिजेन्द्र हुडा ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार को घेरा

- अंबाला में महिला का सब्जी की रेहड़ी पर बच्चे को जन्म देना शर्मनाक: बिजेन्द्र हुडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र हुडा ने पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने हरियाणा में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा। बिजेन्द्र हुडा ने कहा कि बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण हरियाणा के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से डॉक्टर्स के खाली पड़े 50 प्रतिशत से ज्यादा पदों को भरने, अस्पतालों में मशीनों के प्रबंध और अस्पतालों के जर्जर हो चुके भवनों को ठीक करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गृह और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अपने क्षेत्र में सरकारी अस्पताल की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। एक महिला ने सरकारी अस्पताल की लापरवाही के चलते अस्पताल के गेट के बाहर ही सब्जी की रेहड़ी पर ही बच्चे को जन्म दे दिया। महिला का पति बार-बार डॉक्टरों से मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन डॉक्टरों ने कोई ध्यान ही नहीं दिया और कोई स्ट्रेचर तक लाने को तैयार नहीं हुआ। ये हाल स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के गृह जिले का है, सोचो पूरे हरियाणा का क्या हाल होगा। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले दादरी में बिजली नहीं होने से मोबाइल की टॉर्च में महिला की डिलीवरी करनी पड़ी।

बिजेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेहतर सुविधाएं नहीं हैं। हरियाणा के छह मेडिकल कॉलेजों में से केवल रोहतक में न्यूरोसर्जरी और सुपर स्पेशलिटी केयर उपलब्ध है। लेकिन वहां पर भी मरीजों को रेफर किया जाता है, इलाज उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसे शहर में 12 साल से कम आयु वाले बच्चों के लिए बाल चिकित्सा और आईसीयू नहीं है। यदि गुरुग्राम जैसे शहर में ये हालात हैं तो बाक़ी हरियाणा में क्या हालत होंगे।





### स्वास्थ्य विभाग ठपः बिजेंद्र

बिजेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से ठप पड़ा है कोई भी काम नहीं हो रहा। स्वास्थ्य विभाग की लगभग 850 से ज्यादा फाइलें धूल फांक रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में 500 जन औषधि केंद्र खोलने की बात कही थी, लेकिन खोले केवल 93, उनमें से भी 50 बंद हो चुके हैं। बिजेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था और अस्पतालों के बदहाल हालात की वजह से लोगों को मजबूरन प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए जाना पड़ता है, जहां इलाज बहुत महंगा है। बिजेंद्र हुड्डा ने कहा कि बड़े प्राइवेट अस्पताल सीजीएचएस पैनल में इलाज करने से बचते हैं। अपॉइंटमेंट के लिए लटका देते हैं।

### दिनेश ने 130 किग्रा भार वर्ग में जीता कांस्य



**रोहतक।** बहादुरगढ़ में हुई सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप में गांव गांधरा के दिनेश मलिक ने कांस्य पदक जीता है। यह प्रतियोगिता 13 से 14 जनवरी तक हुई। जिसमें दिनेश मलिक ने 130 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपना व गांव का नाम रोशन किया है। विकास पहलवान ने बताया कि गांव में पहुंचने पर गांव के लोगों ने दिनेश का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सुनील मलिक, संतकवार मलिक, राजेश, अमित, दीपक, करतार, राज आदि मौजूद रहे।

### मकर सक्रांति पर गांव लाहली में कंबल वितरित किए

**रोहतक।** मकर सक्रांति पर गांव लाहली में केंद्रीय सहकारी बैंक रोहतक के चेयरमैन हरीश कौशिक ने अपने निवास स्थान पर भंडारे एवं कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्यातिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर रहे। उन्होंने कंबल वितरित किये और सभी को मकर सक्रांति त्योहार की शुभकामनाएं भी दी। केंद्रीय सहकारी बैंक रोहतक के चेयरमैन हरीश कौशिक ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रमेश भाटिया, सूरजमल किलोई, सूरेश किराड़ जिला महामंत्री, राजबीर आर्य, पूर्व विधायक सरिता नारायण, आशा शर्मा जिलाध्यक्षा, रेनू डाबला प्रदेश सचिव, उषा शर्मा जिला महामंत्री, भाजपा नेत्री सुमिता भाटिया, सहकारी बैंक झज्जर की चेयरपर्सन नीलम अहलावत, केंद्रीय सहकारी बैंक रोहतक के निदेशक अत्तर सिंह रापड़िया, प्रीत सिंह, बिजेंद्र मलिक, मसूदपुर गांव के सरपंच व निदेशक भगवत दयाल, अशोक पसरिजा, कृष्ण कुमार, महाप्रबंधक पीयूष हुड्डा, पूर्व महाप्रबंधक वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में कंबल वितरित करते हुए मुख्यातिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व केंद्रीय सहकारी बैंक रोहतक के चेयरमैन हरीश कौशिक ।

### यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में दिखाई गई योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में

# योजनाओं का हरेक पात्र व्यक्ति को बनाया जाए हकदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जन-जन तक केंद्र और राज्य सरकार की योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को गांव बांलद व रिटौली-कबुलपुर पहुंची। गांव बालंद में भाजपा रोहतक लोकसभा निगरानी कमेटी के संयोजक रमेश भाटिया, रिटौली-कबुलपुर में भाजपा नेता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नरेंद्र खट्टर व नरेंद्र वत्स ने मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें की कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। इसके साथ-साथ जागरूकता वैन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी दिखाई गई। रमेश भाटिया ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश के गरीब, महिला, किसान व युवा के उत्थान के लिए कार्य किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों का फीडबैक भी लिया जा रहा है। अगर किसी योजना के क्रियान्वयन में कोई कमी रह गई है तो उसे दूर किया जाएगा, जो लाभार्थी किन्हीं कारणों से सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने से वंचित रह गए हैं, उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।



**रोहतक।** कैल्डर दिखाते हुए भाजपा रोहतक लोकसभा निगरानी कमेटी के संयोजक रमेश भाटिया व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नरेंद्र खट्टर व अन्य पदाधिकारी।

### वंचितों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

भाजपा की प्रदेश सचिव रेनु डाबला ने कहा कि सरकार द्वारा वंचित पात्र व्यक्तियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। कार्यक्रमों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान, मजदूर, गरीब व्यक्तियों, विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन के लिए वृद्धावस्था पेंशन का लाभ जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दिया जा रहा है।

### पात्र परिवारों को निशुल्क मिल रहा गैस कनेक्शन व चूल्हा

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नरेंद्र खट्टर ने कहा कि आयुष्मान लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ देने के साथ-साथ प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत भी मुफ्त गैस सिलेंडर एवं गैस चूल्हे वितरित किए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जहां एक तरफ महिलाओं को सही पोषण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बच्चों के स्वास्थ्य बारे, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी देने के साथ-साथ छोटे बच्चों का वजन मापा और सही पोषण की जानकारी दी जा रही है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

चेहरे की सुंदरता बढ़ाएं
Levo Fairness Cream
चेहरे पर छाईयां, दाग-धब्बे (डार्क सर्कल) कम करने में लाभदायक
MRP. 120/-
मोटापा घटाएं, जोड़ों (घुटनों/डिस्क) दर्द, गंजापन (बालों का झड़ना/सफेद होना) ब्रेस्ट क्रीम (महिला), पुरूष रोग (जोश व टाईम) हर्बल कोर्स मंगवाएं
अभी ऑर्डर करें। घर बैठे मंगवाएं
8529169000
MHC Ayurveda: Rohtak Gate, Bhiwani
आवश्यकता: महिला (घर बैठे काम करें)

शादी से पहले शादी के बाद मिलें
M. 9468439815, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS Doctor 2
Nursing Staff 6
RMO 4
Computer Operator 1
Accountant 1
Gatekeeper 3
Sweeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**



## सोनीपत में कर्तव्य बोध दिवस मनाया

**रोहतक।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा महाविद्यालय शिक्षा की ओर से सोनीपत में कर्तव्य बोध दिवस मनाया गया। जिसमें एबीआरएसएम हरियाणा के प्रान्त संयोजक डॉ. युद्धवीर, डॉ. पुष्प दीप डागर, सह प्राचार्य डॉ. नरेश अंतिल, अनीश, रविंद्र सिंह और महा विद्यालय के शिक्षक, छात्राएं उपस्थित रहें। मुख्य वक्ता डॉ. युद्धवीर रहे।



## कैंप लगाकर बीपीएल व आयुष्मान कार्ड बनाए

**रोहतक।** राजीव दीक्षित चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से कैंप लगाकर विजय नगर में बीपीएल कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सतेंद्र स्वामी पूर्व प्रधान बैरागी शिक्षण संस्थान ने शिरकत की। उन्होंने सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत करवाया और कहा कि सरकार अपनी योजनाएं अन्तिम और वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्षम है। इस मौके पर डॉ रोहित जांगड़ा, नवदीप बैरागी, अनिल कुमार, विकास पंवार आईटी सैल

# 33 साल में फसल के भाव 10 व डीजल रेट बढ़े 18 गुना तक

## धरतीपुत्रों की माली हालात साल दर साल हो रही है खराब

अमरजीत एस गिल ▸▸ रोहतक

इन आंकड़ों को आप अच्छी तरह से पढ़ें। क्योंकि ये खेती किसानी के लिए बेहद निराशाजनक हैं। वर्ष 1990 में डीजल के रेट प्रति लीटर जहां 5 रुपये 5 पैसे थे, वहीं अब ये बढ़ते इस समय तक 89-90 रुपये पहुंच चुके हैं। यानि बीते 33 साल में 18 गुना तक बढ़ोतरी की जा चुकी है। जबकि फसलों के भाव को देखेंगे तो 33 साल में ही गेहूं के रेट में 10.15, धान में 9.95, अरहर में 14.58, उरद में 14.52 और मूंग के भाव में 17.82 गुना की वृद्धि सरकार ने की है। चूंकि अब लोकसभा का चुनाव होना है, इससे पहले पांच राज्यों में विधानसभा इलेक्शन थे, इसलिए रेट काफी लंबे समय से स्थिर किए हुए हैं। नहीं तो अब तक डीजल 100 रुपये प्रति लीटर तक बिक चुका होता। देश में प्रमुख फसल धान और गेहूं हैं और इनके भावऔर लागत में बने असंतुलन की वजह से किसानों की माली हालात साल दर साल खराब हो रही है। लागत और बिक्री का असंतुलन तो ही है। इसके अलावा प्रकृति की मार किसानों को अलग से झेलनी पड़ती है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री कहते हैं कि फसल के लागत और बिक्री में काफी ज्यादा असंतुलन पैदा हो गया है। जिसकी वजह की आर्थिक स्थिति डांवाडोल है। अगर सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो स्थितियां और खराब होंगी।



**स्थिति चिंताजनक :** जब वित्तीय वर्ष 2013-14 संपन्न हो रहा था तो जिले के किसानों पर बैंकों का कर्ज 1383 करोड़ रुपये था। बीते 31 मार्च को जब वित्तीय वर्ष 2022-23 खत्म हो रहा था तो अन्नदाताओं की तरफ बैंकों की 2627 करोड़ की लेनदारी थी। कर्ज बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है कि फसलों में जितनी लागत एक साल में बढ़ती है, उसके एवज में उनके भाव नहीं बढ़ते। इस असंतुलन की वजह से ही देश का पेट भरने वाले किसानों की अब खुद की स्थिति चिंताजनक है। एक साल में गेहूं का समर्थन मूल्य 50-100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया जाएगा। जबकि फसल

### रेट बढ़ते ही बढ़ती है लागत



डीजल के रेट बढ़ते ही मंहगाई अपने आप बढ़ जाती है। ऐसे में खेती-किसानी भी अछूती नहीं रहती। फसलों के मूल्यों और लागत खर्च में जो असंतुलन है, उससे किसानों को तभी बाहर निकाला जा सकता है,जब फसल का इनपुट कम किया जाए। ये तभी संभव हो सकता है, जब हम किसानों को अधिक से अधिक सब्सिडी उपलब्ध करवाएंगे। किसानों के खाते में हर चार महीने के बाद 2000 रुपये जमा करवाने की बजाय, उन्हें डीजल भारी सब्सिडी पर दिया जाए। खेती में काम आने वाली मशीनरी में अनुदान दिया जाना चाहिए।

**-प्रो. राजेश कुमार,** अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय

### ऐसे बढ़ते गए डीजल के रेट

| साल | दाम | साल | दाम |
|---|---|---|---|
| 1990 | 5.05 | 2007 | 30.25 |
| 1991 | 5.05 | 2008 | 31.76 |
| 1992 | 6.11 | 2009 | 30.86 |
| 1993 | 6.35 | 2010 | 38.01 |
| 1994 | 6.98 | 2011 | 37.75 |
| 1995 | 7.23 | 2012 | 40.91 |
| 1996 | 8.02 | 2013 | 48.63 |
| 1997 | 10.39 | 2014 | 55.48 |
| 1998 | 9.87 | 2015 | 49.71 |
| 1999 | 13.91 | 2016 | 48.33 |
| 2000 | 16.55 | 2017 | 53.33 |
| 2001 | 17.06 | 2018 | 67.38 |
| 2002 | 18.06 | 2019 | 66.69 |
| 2003 | 20.73 | 2020 | 77.88 |
| 2004 | 26.28 | 2021 | 89.38 |
| 2005 | 28.22 | 2022 | 89.38 |
| 2006 | 30.45 | 2023 | 89.62 |

| फसल | 1990 | 2023 | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| गेहूं | 215 | 2125 | 10.15 |
| धान | 205 | 2040 | 9.95 |
| मक्का | 180 | 2090 | 14.58 |
| अरहर | 480 | 7000 | 14.58 |
| मूंग | 480 | 8558 | 17.82 |
| उरद | 480 | 6950 | 14.57 |

**फसलों के भाव प्रति क्विंटल में हैं**

**आय करनी थी दोगुना :** वर्ष 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुना करने के लिए सुना गया था। आय तो दोगुना नहीं हुई। लेकिन सरकारी कर्ज बीते नौ साल में दोगुना जरूर हो गया है। सैंपल के तौर पर रोहतक जिले के किसानों की वित्तीय स्थिति से आज हम आपको रूबरू करवा रहे हैं। जैसे हालात रोहतक के किसानों के हैं। बताया जा रहा कि जिले की करीब 75-80 प्रतिशत कृषि जमीन बैंकों के यहां गिरवी रखी है।



**पूरा बोझ धरतीपुत्र पर क्यों:** बीते चार दशक में देश के विकास का जो मॉडल लागू किया है, उसमें कृषि की अनदेखी की गई। यही कारण है कि किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। महंगाई को रोकने के लिए भार किसानों पर लाद दिया गया। फसलों के भाव लागत के हिसाब से न बढ़ाने की यही वजह है। वर्ष 2016 में सरकार की रिपोर्ट भी बताती है कि किसान परिवार की वार्षिक आय 20 हजार रुपये है। ऐसे में किसान कैसे अपना परिवार पालेगा। किसानों को आर्थिक मदद की जाती है तो अर्थ विशेषज्ञ हल्ला मचा देते हैं कि पैसा बर्बाद जाएगा। जबकि दूसरे सेक्टर को जब पैसा दिया जाता है तो ये अर्थशास्त्री वाहवाही करते हैं।

**-देवेंद्र शर्मा,** कृषि अर्थशास्त्री



**रोहतक।** मदवि स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देते एसडीएम विवेक आर्य। फोटो : हरिभूमि

## देश के प्रत्येक नागरिक का अपने सैनिकों से विशेष स्नेह : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

- सशस्त्र बल वेटरन्स डे पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि
- पूर्व सैनिकों के नेतृत्व और दूरदर्शिता ने ही आज की आर्म्ड फोर्स की नींव रखी थी

सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस-2024 के अवसर पर रोहतक के एसडीएम विवेक आर्य (आईएएस) ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के नेतृत्व और दूरदर्शिता ने ही आज की आर्म्ड फोर्स की नींव रखी थी। विवेक आर्य ने कहा कि आज का दिन उन सभी पूर्व सैनिकों याद करने का भी दिन है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन लोगों के परिवारों के साथ हैं।

उन्होंने कहा कि आज वेटरन्स डे के अवसर पर मुझे कृतज्ञता की अनुभूति हो रही, जो प्रत्येक नागरिक को अपने सैनिकों के प्रति स्वाभाविक रूप से होती है। इस देश का प्रत्येक नागरिक, चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो, हमारे सैनिकों के प्रति विशेष स्नेह रखता है। सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस कार्यक्रम में वेटरन्स और शहीदों की वीरांगनाओं को सम्मानित भी किया गया।

उल्लेखनीय है कि वेटरन्स डे फील्ड मार्शल केएम करियप्पा प्रथम सेना अध्यक्ष की सेवानिवृत्ति की तिथि के अवसर पर मनाया जाता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला सैनिक बोर्ड के मुख्य लिपिक रणजीत सिंह देशवाल, जगबीर सिंह अहलावत, राज सिंह जाखड़, राजपाल सिंह, हरीश कुमार, करनैल सिंह हुड्डा, दिनेश कुमार व रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।



## ड्राइंग, कविता व गायन में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

- जेपी इंटरनेशनल स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

जेपी इंटरनेशनल स्कूल की ओर से ओमेक्स सिटी में रविवार को ड्राइंग, कविता और गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि चंद्रशेखर पाठक और डॉक्टर मुस्कान पाठक रहे। ओमेक्स सिटी के मुख्य पार्क में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और देश भक्ति गीत व कविताओं से वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार किया। बच्चों ने मंकर संक्रांति और देशभक्तों पर जोशीली कविताएं सुनाई। शीतकालीन त्योहारों पर आधारित ड्राइंग बनाकर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। जेपी इंटरनेशनल स्कूल की उप प्रधानाचार्या डॉक्टर सुपर्णा शर्मा ने बच्चों को पुरस्कार व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। डॉक्टर सुपर्णा शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## गांव कटेसरा में डॉ. कुमार रंगा ने जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित

**कलानौर।** गांव कटेसरा स्थित गोशाला में भाजपा नेता डॉ. अशोक कुमार रंगा ने मकर संक्रांति एवं लोहड़ी के पर्व पर जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि असहाय की मदद के रूप में पर्व मनाना चाहिए। डॉक्टर रंगा हर साल जरूरतमंद परिवारों को गर्म कपड़े वितरित करते हैं और समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद करते रहते हैं। इस मौके पर गोशाला प्रधान व ब्लॉक समिति मेंबर सुदामा कोच ब्लॉक समिति मेंबर, सतीश शर्मा मसूदपुर जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा, देवीराम, जगपाल, धर्मराज, पप्पू, अशोक, प्रमोद, कृष्ण, कालू और चुहड सिंह उपस्थित रहे।





## सरछोटू राम कन्या कॉलेज का एनएसएस शिविर हुआ संपन्न

**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में लगाए सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रविवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में एमडीयू से कोऑर्डिनेटर डॉक्टर तिलक राज ने शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समझाते हुए कहा कि हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी रहना चाहिए। पंचपर्ण का विशेष उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपनी सभ्यता और संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य अपने राष्ट्र के प्रति निःस्वार्थ सेवा भाव से समर्पण होना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता हुड्डा व डॉ जगदीश मलिक ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## एमडीयू ने लगाई पदकों की झड़ी

- 4 गोल्ड 9 सिल्वर और 3 ब्रोंज मेडल्स जीत कर एमडीयू ने दोनों वर्गों में रनर अप ट्राफी जीती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जगदीश प्रसाद झबरमल टीबरावाला यूनिवर्सिटी झुंझुनू में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय(एमडीयू) ने सोलह पदक जीते हैं। 4 गोल्ड 9 सिल्वर और 3 ब्रोंज मेडल्स जीत कर एमडीयू ने दोनों वर्गों में रनर अप ट्राफी जीती। खेल निदेशक डॉ. आरपी गर्ग ने विजेताओं को बधाई दी और भविष्य में खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।




### पुरुष वर्ग : क्योर्गी इवेंट

1 अरमान यादव (54 किलो.) गोल्ड
2. साहिल (58) सिल्वर
3. राहुल (68) ब्रॉन्ज
4. दुष्यंत नांदल (87 ) गोल्ड
5. सक्षम (+87) सिल्वर।

**पूम्से इवेंट :**

1. यश मलिंदा ( सिल्वर)
2. अंजलि (ब्रॉन्ज)
3. सहनाज प्रवीन (ब्रॉन्ज)
4. देवदास राय (ब्रॉन्ज)
5. गीता यादव (सिल्वर)
6 रितु यादव (सिल्वर)
7. प्रिया यादव (सिल्वर)

**क्योर्गी इवेंट्स महिला वर्ग**

1. सोनिया (46 किलोग्राम) सिल्वर
2. सोनम (57) गोल्ड
3. सानिया खान (62) सिल्वर
4. श्रुति चौधरी (67) सिल्वर
5. ज्योति यादव (73) गोल्ड
6. अनिता शर्मा (+73 किलोग्राम) सिल्वर

## गठबंधन रहे या न रहे जेजेपी चुनाव के लिए तैयार



**रोहतक।** जेजेपी (यूएलबी) जिला अध्यक्ष राजेश सैनी के निवास स्थान पर मकरसंक्रांति का त्योहार कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान राजेश सैनी ने कहा कि की चुनावो में गठबंधन रहे या न रहे हम चुनाव के लिए तैयार हैं। हर कार्यकर्ता मजबूती से पार्टी के साथ खड़ा है। बैठक के दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों अमित सिंधु, अक्षय मकड़ौली, रणधीर गुलिया और सतेंद्र कादयान का स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र सांगवान, व्यापार प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष जीतेंद्र बल्हारा, जिला प्रवक्ता फूल राणा, महिला जिला अध्यक्ष प्रेम लता, सरोज यादव, धर्मपाल जांगड़ा, अशोक जावलिया, चन्द्र गहलोत, इंदिरा, राजीव सुनेजा, पांचाल, राजेश राठी, रजनीश पटवारी, भीम कुण्डू, आजाद देशवाल, नरेंद्र फोगाट, विकास अनमोल, जीतेन्द्र दहिया, सुभम बॉक्सर, मनजीत सयोरण, मोनू परुथी आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** जरूरतमंद को कंबल वितरित करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी।

## जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

**रोहतक।** मकर संक्रांति के अवसर पर एक पहल नई दिशा ट्रस्ट की तरफ से जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किए गए। ट्रस्ट के प्रधान सोमबीर, उप-प्रधान पवन, सेक्रेटरी आशीष, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, ट्रस्ट के सलाहकार हितेंद्र, अभिषेक एवमं ट्रस्ट के सम्मानित सदस्य नरेन्द्र, आशुतोष, नीरज, संदीप सिंधु, सन्दीप शर्मा, प्रवीन, दुष्यंत, अरब, रवि, हेमन्त ने आगे भी समाजहित के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने की शपथ ली। इस दौरान गौशाला की सदस्य पुष्पा राणा भी मौजूद रहे।

## एमटीएफसी में राजेश जैन ने किया लिफ्ट का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

कन्हेली रोड स्थित एमटीएफसी (मेक द् फ्यूचर ऑफ कंट्री) एजुकेशनल सोसायटी द्वारा लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन द्वारा लिफ्ट एवं फायर सेफ्टी का उद्घाटन किया गया। महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज, बाबा कालिदास महाराज, बाबा सुखा शाह ने सभी को आशीर्वाद दिया।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विद्यार्थी मिलन कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। नये एवं पुराने विद्यार्थी एक-दूसरे से मिले एवं पुरानी यादें ताजा की। इस अवसर पर मेयर मनमोहन गोयल, डीएसपी रविंद्र सिंह, डॉ. प्रवीण मल्होत्रा , अंशुल पठानिया, सुशील जैन, अंशु जैन, श्यामनाथ शर्मा, सुभाष गुप्ता, गोबिंद राम सिंघल, नरेश जैन, कृष्ण कुमार मित्तल, रमेश सचदेवा, तस्वीर सिंह हुड्डा, राम अवतार शास्त्री, ईश्वर सिंह, गुलशन निझावन, आशीष मित्तल, ऋषि पाल मलिक, सुधीर शर्मा, देवेंद्र शर्मा, प्रीतम सिंह, लक्की रोहिल्ला, महेंद्र सैन, प्रदीप जैन, भारत भूषण, प्रिंस सिक्का, अनिल गुलिया आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन , डीएसपी रविंद्र सिंह व महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### जैन जती में मकर संक्रांति पर सर्वसमाज ने कार्यक्रम किया

# 500 साल बाद आई रामलला के घर वापसी की घड़ी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का 28 को करेंगे स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा के रोहतक स्थित जैन जती में मकर सक्रांति पर सर्वसमाज द्वारा कार्यक्रम किया गया। इसकी अध्यक्षता राकेश वर्मा ने की और मंच संचालन डॉ. सत्यप्रकाश द्वारा किया गया। इस मौके पर राकेश वर्मा ने कहा कि आज देश में केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हरियाणा की मनोहर सरकार देश हित के कार्यों को अमली जामा पहना रही है। राकेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश हित के साथ-साथ सनातन हित में भी कार्य कर रहे हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा 22 को

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कर दिखाया जिसके चलते 22 जनवरी को अयोध्या ने रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके लिए पिछली किसी भी सरकार ने प्रयास नहीं किया। केवल प्रधानमंत्री मोदी ही ऐसा कर सकते हैं और यह देशभर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वे भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का 28 जनवरी को मदनलाल धींगरा कम्युनिटी हॉल में स्वागत करेंगे।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में मेयर मनमोहन सिंह गोयल को सम्मानित करते हुए राकेश वर्मा व हरियाणा स्वर्णकार संघ प्रदेश अध्यक्ष जोगेन्दर वर्मा व हरियाणा स्वर्णकार संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह लाम्बा।

**ये रहे मौजूदः** इस मौके पर नगर निगम के मेयर मनमोहन सिंह गोयल, हरियाणा स्वर्णकार संघ प्रदेश अध्यक्ष जोगेन्दर वर्मा, हरियाणा स्वर्णकार संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह लाम्बा, इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार लाम्बा, वैद सत्यप्रकाश आर्य, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक वर्मा, झज्जर तहसील प्रधान रमेश सोनी, लीगल एडवाइजर रामकुमार वर्मा, रविंद्र वर्मा, सुरेंद्र सोनी मदीना कालू सोनी माजरा, सुखबीर, राजेश शर्मा, अनिल परुथी, सौरभ बुट्टन, अनिल सहगल आदि मौजूद रहे।